मॉडल पेपर (2021-22)

टर्म-2 कक्षा आठवीं

लघूत्तर व(छोटे उत्तरों)निबंधात्मक (बड़े उत्तरों) प्रश्नों से सम्बन्धित परीक्षा

समय-2 घंटे **विषय-हिंदी (प्रथम भाषा)** **कुल अंक–50**

नोट : सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

प्रश्न- 1 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- **1+4=5**

हरी हरी दूब पर
ओस की बूँदें
अभी थीं,
अब नहीं हैं।
ऐसी खुशियाँ
जो हमेशा हमारा साथ दें
कभी नहीं थीं,
कहीं नहीं हैं।

अथवा

दूध पिलाये हाथ जो, डसे उसे भी साँप
दुष्ट न त्यागे दुष्टता, कुछ भी कर लें आप।

प्रश्न-2.निम्न लिखित प्रश्नोंप में से किन्हीय तीन के उत्त र चार या पाँच वाक्योंे में दें **3x4=12**

क). साइंस सिटी में आपको सबसे अच्छा क्या लगा? 'साइंस सिटी' पाठ के आधार पर संक्षेप में लिखें ।

ख).खजूर के क्या-क्या लाभ हैं?'तुम भी ऊँचा उठ सकते हो'पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

ग). डॉ.अब्दुल कलाम की जीवनी से आपने क्या-क्या सीखा ? 'भारत रत्न : डॉ. अब्दुल कलाम' पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

घ). वाहन चलाते समय सेफ़्टी बैल्ट लगाना क्यों अनिवार्य है ? 'सड़क सुरक्षा -जीवन रक्षा' पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

ड). नेत्रदान के क्याप लाभ हैं? 'नेत्रदान' पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

भाग-ख पारिभाषिक व्याकरण

प्रश्न-3. निम्न्लिखित प्रश्नोंि में से किन्ही दो के उत्त र दीजिए - **2x3=6**

क). विशेषण किसे कहते है ? उदाहरण सहित लिखें ।

ख). विस्मणयादि बोधक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

ग). संबंधबोधक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

भाग -ग व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न- 4 (i) 'नागरिक' शब्द की भाववाचक संज्ञा क्या होगी ?

(ii) 'मिलनसार' शब्द की भाववाचक संज्ञा क्या होगी ?

(iii) कलिंग के फाटक आज बंद हैं। (वाक्य में आए क्रियाविशेषण- शब्द को लिखिए) ।

(iv) घरों के सामने बाँस के अनगिनत वृक्ष हैं ।(वाक्य में आए संबंधबोधक शब्द को लिखिए) ।

(v) गिल्लू परदे पर चढ़ा और नीचे उतर गया ।(वाक्य में आए योजक शब्द को लिखिए) ।

(vi) शाबाश मुझे आपसे यही आशा थी । (वाक्य में आए विस्मयादिबोधक शब्द को लिखिए) । **4x1=4**

भाग -घ मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

प्रश्न-5. निम्नरलिखित में से किन्ही पाँच मुहावरों /लोकोक्तियों को वाक्योंद में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्प ष्टन हो जाए । **5x1=5**

साफ़ साफ़ कहना ,टालमटोल करना, अपना सा मुँह लेकर रह जाना ,मातम छाना, गले से लिपटकर रोना, जीवन के मायने बदलना, अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत ।

भाग-ङ (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न-6. निम्नललिखित में से कोई एक पत्र लिखें **8**

अपने मुख्यारध्यानपक को प्रार्थना पत्र लिखिएजिसमें स्कू ल छोड़ने का प्रमाण-पत्र देने की प्रार्थना की गई हो ।

अथवा

अपने स्कूल में होने वाले वन महोत्सव का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

प्रश्न-7. निम्न लिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए **8**

क). मेरा परिवार ख). मोबाइल के लाभ और हानियाँ ग). सत्सं गति

प्रश्न-8. सुंदर लिखाई **2**